# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 19.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद व थानाक्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ थाना परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया राजेश कुमार गुप्ता द्वारा आज दिनांक 19.05.2026 को थाना क्षेत्र के मौलवी/धर्मगुरुओ एवं संभ्रांत व्यक्तियों, की उपस्थिति में आगामी त्यौहार बकरीद को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता कर उच्च-अधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशों -निर्देशों से अवगत कराते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना शिवनगर डिडई  की मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए दिमागी रुप से अस्वस्थ बच्चा (उम्र लगभग 14 वर्ष) जो परिजनों से बिछड़ गया था को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया ।**

आज दिनांक 19.05.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा चलाए जा रहे “महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिला सुरक्षा/जागरूकता अभियान” के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं  शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा बृजेश सिंह थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई के निर्देशन में थाना शिवनगर डिडई पर प्राप्त प्रार्थना पत्र में आवेदक त्रिभुवन ग्राम मसीना खास थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थ नगर द्वारा बताया गया की उनके पुत्र हरभजन उम्र लगभग 14 वर्ष जो दिमागी रूप से अस्वस्थ है भटक कर घर से कहीं चले गए हैं । थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा तलाश की जा रही थी इसी दौरान करही चौराहे पर कुछ व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि एक बच्चा जो कहीं से भटक कर करही चौराहे पर आ गया । मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए करही चौराहे से बच्चे को सकुशल बरामद कर थाना लाया गया व पूछताछ कर लड़के के मां-बाप से जारीये दूरभाष संपर्क करके थाने पर बुलाकर पहचान बच्चे द्वारा कराई गई तत्पश्चात लड़के को उसके पिता त्रिभुवन ग्राम मसीना खास थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थ को सुपुर्द किया गया। मिशन शक्ति थाना शिवनगर डिडई टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से परिजनों एवं स्थानीय जनता द्वारा पुलिस टीम की भूरि-भूरि सराहना की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में व हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर मय टीम द्वारा आज दिनांक 19.05.2026 को मु0अ0सं0 68/2026 धारा 69(1),87,137(2),115(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर वांछित अभियुक्त को सोहना तिराहा से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

01.राजकुमार गौतम पुत्र अशोक कुमार गौतम निवासी पटना थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

02.मुख्य आरक्षी अदनान शेख थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

03.आरक्षी अशोक कुमार वर्मा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल इटवा के सभी थानों लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सभी विवेचकगण का सर्किल इटवा पर अर्दली रूम किया गया व लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 19.05.2026 को पवीन प्रकाश , क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा सर्किल इटवा पर के सभी थानों का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, इ-साक्ष्य ऐप, इ-सम्मन ऐप, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा चोरी के वांछित 02 नफर अभियुक्तगण को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**◆कब्जे से 02 अदद बुलेट मोटर साइकिल, एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूंस 315 बोर तथा चोरी की बाइक बेचनें से प्राप्त ₹5,350/- रुपये नकद बरामद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह मय टीम द्वारा दिनांक 09.05.2026 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 57/2026 धारा 317(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा मु0अ0सं0 80/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वाछिंत 02 नफर अभियुक्तगण को आज दिनांक 19.05.2026 को सरयू नहर पुलिया ग्राम भड़रिया से गिरफ्तार कर किया गया अभियुक्तगण के पास से 02 अदद बुलेट व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूंस 315 बोर तथा हंटर बाइक चोरी करने के उपरान्त बेचे गये कुल ₹5,350/- रुपये बरामद किया गया बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-58/2026 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

01.इस्माइल शाह पुत्र अब्दुल्ला शाह निवासी ग्राम व थाना कृष्णा नगर बैंक रोड पुलिस स्टेशन के सामने जनपद कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र।

02.मोहम्मद अरमान पुत्र स्व0 मोहम्मद हलीम निवासी ग्राम व थाना चैपुरवा कृष्णा नगर जनपद कपिलवस्तु नेपाल राष्ट्र।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0 108/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बलरामपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03.उ0नि0 रामशब्द यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

04. का0 सत्यप्रकाश यादव, का0 आनन्द कुमार, का0 रोशन राय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

05.रि0आ0 रोहित कुमार भारती,रि0का0 रामू थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना चिल्हिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के आरोपी को 05 वर्ष के कठोर कारावास व ₹6,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 19.05.2026 को एसटीएन नं0-754/2020 मु0अ0सं0-136/2020 धारा 354(A),452 भादवि0 व 9/10 पाक्सो अधिनियम थाना चिल्हिया में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार, न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल खरविंद पुत्र मिठाई लाल खरविंद निवासी सरवतडीह थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 354(A),452 भादवि0 व 9/10 पाक्सो अधिनियम में 05 वर्ष के कठोर कारावास तथा 452 भादवि0 में 03 वर्ष कठोर कारावास व ₹6,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अंकित वर्मा थाना चिल्हिया का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत थाना मिश्रौलिया पर ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश द्वारा थाना मिश्रौलिया पर आज दिनांक 19.05.2026 को थाना क्षेत्र के मौलवी/धर्मगुरुओ एवं संभ्रांत व्यक्तियों, की उपस्थिति में आगामी त्यौहार बकरीद को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता कर उच्च-अधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशों -निर्देशों से अवगत कराते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆इंडो-नेपाल बॉर्डर पर ऑपरेशन कवच के तहत लोटन पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.05.2026 को इंडो नेपाल बॉर्डर पर ऑपरेशन कवच के तहत रोक थाम , तस्करी के क्रम में SSB व थाना लोटन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त /फ्लैग मार्च किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा थाना प्रभारी शोहरतगढ़ मय पुलिस टीम के साथ आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा चिल्हिया में पैदल गस्त/फ्लैग मार्च किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 19.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बिसरी में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.05.2026 थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिसरी की महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य

02.उ0 नि0 जियाउल्लाह

03.आ0 अरुण पाण्डेय

04. रि0म0आ0 कुमकुम वर्मा

05. रि0म0आ0 गुंजन सेन

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के रतनसेन डिग्री कॉलेज की छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मृत्युजंय पाठक थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थानाक्षेत्र के रतनसेन डिग्री कॉलेज की छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम अठकोनिया में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 19/05/2026 को प्रभारी निरीक्षक मान सिंह थाना कपिलवस्तु के निर्देशन में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं  को ग्राम अठकोनिया थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल  में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं । सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी । तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के राम प्रकाश सुभाष चंद्र इंटर कॉलेज भुसौला माफी की बालिकाओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में राम प्रकाश सुभाष चंद्र इंटर कॉलेज भुसौला माफी की बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना, योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 दिलीप कुमार सोनी
02. का0 अमित कुमार यादव
03. म0का0 पूजा वर्मा
04. म0का0 लक्ष्मी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 19.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना इटवा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते आवेदिका का ई-रिक्शा में भूलवश छूटे हुए बैग जिसमें सोने का जेवरात मंगल सूत्र , टॉप्स , बाली आदि (कीमत लगभग ₹4,00,000/-) व ₹15,082/- नगद बरामद कर आवेदिका को सुपूर्द किया गया।**

आवेदिका श्रीमती मदीना पत्नी कमाल निवासिनी कटरिया थाना सोनहा जनपद बस्ती के द्वारा दिनांक 18.05.26 समय करीब 13:00 बजे थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर पर सूचना दिया गया कि अपने परिवार के साथ पहाड़ापुर चौराहा से शाहपुर चौराहा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर ई रिक्शा से आ रही थी। उक्त ई रिक्शा में अपना कपड़े और जेवरात एवं नगदी रखा हुआ बैग शाहपुर में उतरते समय उतारना भूल गई है ।जिसे ई रिक्शा चालक अपने साथ लेकर चला गया है। उक्त बैग में मंगल सूत्र , टॉप्स , बाली एवं अन्य जेवरात और नगदी रुपए लगभग 15000 रुपए था।उक्त सूचना पर उ0नि0 विनय प्रताप सिंह चौकी प्रभारी शाहपुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा तत्परता एवं गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पहाड़ापुर से शाहपुर जाने वाले मार्ग पर सफेद रंग के सभी ई रिक्शा एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा की गहनता से चेकिंग कर पूछताछ किया गया। जांच की जानकारी होने पर ई रिक्शा चालक रामप्रकाश यादव पुत्र घिराऊ यादव निवासी कोहला थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर चौकी शाहपुर पर बैग के साथ आज दिनांक 19.05.26 को समय करीब 13:00 बजे उपस्थित आया। आवेदिका को बुलाकर उक्त बैग को उसके सामने खोला गया तो सोने का जेवरात मंगल सूत्र , टॉप्स , बाली आदि लगभग 30 ग्राम अनुमानित मूल्य लगभग 400000 रुपया व नगदी मय सिक्का 15082 रुपया हूबहू बरामद कर आवेदिका को उसके परिवार के समक्ष दिया गया। आवेदिका द्वारा अपना पूरा सामान पाकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई।